प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः

# श्रीमती नरसम्मा हिरैय्या शैक्षिक न्यास

स्थापना १९६३

# न्यास परिचय

# श्रीमती नरसम्मा हिरैय्या शैक्षिक न्यास

प्रज्वालितो ज्ञानमय: प्रदीप:

## न्यास परिचय

श्रीमती नरसम्मा हिरैय्या शैक्षिक ट्रस्ट यह एक पब्लिक ट्रस्ट कानून 1963 के तहत महाराष्ट्र के अमरावती जिले मे पंजीकृत ट्रस्ट है। इस ट्रस्ट का उद्देश्य शैक्षिक सामाजिक तथा सांस्कृतिक गतिविधि द्वारा समाज उत्थान का कार्य करना है। स्थानिक व्यावसायिक मन्नेवार की कुटुंब प्रमुख स्वर्गवासी श्रीमती नरसम्मा हिरैया मन्नेवार इन्होंने ट्रस्ट को शहर के मध्यवर्ती स्थानमें १२ एकड़ की जमीन शैक्षिक कार्य हेतु दान की है। जिसके कारण आज का यह फलता-फूलता शैक्षिक संकुल संभव हो पायाइस न्यास का संचालन कुछ चुनिंदा सामाजिक तथा शैक्षिक कार्य में अनुभव तथा रुचि रखने वाले व्यक्तियों की कार्यकारी समिति करती है। न्यास के हर कार्य में राष्ट्रीय विचार तथा भारत का स्वाभिमान का समाज में बढे यहां मूल तत्व रहता है। न्यास के शैक्षिक कार्य की शुरुवात एक बालक मंदिर के साथ हुई और आज न्यास प्राथमिक शिशु शिक्षा से लेकर रिसर्च केंद्र तक प्रगती पथ पर मार्गस्थ है।न्यास आयकर विभाग के 80G कानून अंतर्गत पंजीकृत है।



श्रीमती नरसम्मा हिरैय्या मन्नेवार

## विकास समय रेखा

**1984**
ध्रुव बालक मंदिर

**1995**
श्री संत गाडगे बाबा अमरावती विद्यापीठ संलग्नित कला, वाणिज्य तथा विज्ञान महाविद्यालय.

**2002**
सरस्वती विद्या मंदिर (कक्षा १ से ४)

**2004**
कनिष्ठ महाविद्यालय और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेस की शुरुआत

**2005**
नरसम्मा स्पोर्ट्स क्लब कि शुरवात

**2012**
श्री राम पंचायत और मंदिर का नरसम्मा परिसर में निर्माण

**2021**
सरस्वती शिशु वाटिका

**2022**
श्री गजानन राव रहाटगांवकर स्मृति सभागृह का निर्माण शुरु

**2024**
१०५ किलोवॉट सोलर रुफटॉप

# श्रीमती नरसम्मा हिरैय्या शैक्षिक न्यास

प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः



## संस्थापक विश्वस्त

* स्व.रावबहादूर खरे
* स्व. श्रीमती नरसम्मा मन्नेवार
* प्रा. चन्द्रशेखर शास्त्री
* स्व. गजनान शंकरराव रहाटगावकर
* स्व. रघुनाथ विष्णू गुर्जर
* ॲड. काशीनाथ एच चंदवास्कर

## पूर्व अध्यक्ष

* स्व. रावबहादूर खरे
* स्व. वासुदेवरव उर्फ बापूसाहेब भोंदू
* स्व. डॉ. पांडुरंगराव आळशी
* स्व. दादारवजी भडके

## पूर्व सचिव

* प्रा. चन्द्रशेखर शास्त्री
* स्व. बाळाभाऊ रा तेलंग
* स्व. रघुनाथ विष्णू गुर्जर
* सुरेश उर्फ नानासाहेब चिमणपुरे
* श्री रवींद्र गंगाधर खांडेकर

## विद्यमान संचालक मंडल

**अध्यक्ष** : **चंद्रशेखर भोंदू** - हॉस्पिटैलिटी व्यवसायिक ( वेंकटेश लॉन्स, हॉटेल मानसरोवर)

**सचिव** : **राम मधुकर महाजन**- बिल्डर तथा व्यवसाय जोग महाजन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.

**उपाध्यक्ष** : **रवींद्र गंगाधर खांडेकर** - से. नि. प्राध्यापक कथा सामाजिक कार्यकर्ता

**कोषाध्यक्ष** : **श्यामसुंदर राठी (उ.अ.)**- संचालक, राठी करियर फोरम

**विश्वस्त** : **सुनील सरोदे** - प्रथितयश व्यवसायी, सरोदे ऑप्टिकल

**श्रीमती डॉ. कुंजनताई वेद** - व्यवसायी , श्री वल्लभ गॅसेस, संचालिका मधूरम स्कूल

**सुनील पाठक** - क.महा.शिक्षक, संचालक डॉटकॉम इन्फोटेक प्रा. ली. सिग्निफाय टेक्नॉलॉजीज

**राजू पांडे** - से. नि. स्टेट बँक अधिकारी

**श्रीकांत काळीकर**- से. नि. प्राध्यापक, गव्हर्नमेंट फार्मसी कॉलेज

**सौ. अनिताताई व्यवहारे**- संगीत शिक्षिका तथा शिशू शिक्षण अभ्यासक



# श्रीमती नरसम्मा हिरैय्या शैक्षिक न्यास

## उद्देश्य

हमारा मिशन भारतीय राष्ट्रिय मूल्यों में निहित समग्र विकास को बढ़ावा देना और छात्रों को तेजी से बदलती दुनिया के लिए तैयार करना है। हम ऐसी स्तर की शिक्षा प्रदान करते हैं जो शाश्वत तथा पर्यावरण पूरक , सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देती है और सक्रिय जीवन के लिए सामुदायिक केंद्र के रूप में काम करती है।

## दृष्टि

हमारा दृष्टिकोण एक सांस्कृतिक प्रकाशस्तंभ बनना है। हम शैक्षणिक उत्कृष्टता, नैतिक अखंडता और पर्यावरणीय प्रबंधन के लिए प्रयास करते हैं, जिसका लक्ष्य जीवन को समृद्ध बनाना, दिमाग को सशक्त बनाना और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है।

## संस्था के मूल्य

- समग्र विकास
- पर्यावरण तथा प्रकृति संरक्षण
- सांस्कृतिक अखंडता
- अकादमीक उत्कृष्टता
- समावेशिता
- सामुदायिक संवर्धन तथा स्वत्व का जागरण



# संस्था की मौजूदा परियोजनाएं

## श्री राम पंचायतन मंदिर

स्व. श्रीमती नरसम्मा के इच्छा नुसार हमारे शैक्षिक परिसर में सुंदर श्री राम पंचायतन मंदिर बनाया गया है, जिससे हमें और शैक्षिक परिसर में सभी को हमें धर्म, कर्तव्य और मर्यादा पालन की अद्वितीय प्रेरणा मिलती है। उनके जीवन से हम सीखते हैं कि सत्य और नैतिकता के मार्ग पर चलना ही सच्चा धम हैं।



## * पूर्व प्राथमिक शिक्षा *

### धृव बालक मंदिर (प्री प्राइमरी स्कूल)

धृव बालक मंदिर न्यास द्वारा संचालित एक स्वयं अर्थ सहाय्य प्रकल्प (self-financed project) है। इसमें परिसर के नन्हे बालक अपने जीवन की प्रारंभिक शिक्षा की नींव मजबूत करते हैं। मातृभाषा के माध्यम से खेल-खेल में तथा पारंपरिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा यहां दी जाती है।

### शिशुवाटिका

शिशुवाटिका यह विद्याभारती संगठन द्वारा निर्धारित संकल्पना पर संचालित शाला है, जिसमें 3 से 5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को शिक्षा दी जाती है। यह शाला पंचकोशीय विकास (शारीरिक, प्राण, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक) और 12 व्यवस्थाओं के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है।







# श्रीमती नरसम्मा हिरैय्या शैक्षिक न्यास

प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः

## ✻ श्रीमती नरसम्मा कला, विज्ञान और वाणिज्य महाविद्यालय ✻

श्रीमती नरसम्मा कला, विज्ञान और वाणिज्य महाविद्यालय संत गाडगेबाबा अमरावती विश्वविद्यालय से कायम संलग्नित है और NAAC बी-ग्रेड मानांकित है, जिसमें करीबन १५०० छात्र पढ़ते हैं।

### उपलब्ध पाठ्यक्रम

**कला**
- बी. ए.
- एम. ए.
  - * अर्थशास्त्र
  - * राज्यशास्त्र
- कनिष्ठ महाविद्यालय कक्षा 11 और 12

**विज्ञान**
- बी.एस.सी.
- एम. एस.सी.
  - * Computer science
  - * Environmental Science
  - * Chemistry
    - Industrial Chemistry
    - Organic Chemistry
- कनिष्ठ महाविद्यालय कक्षा 11 और 12

**वाणिज्य**
- बी.कॉम.
  - * अंग्रेजी माध्यम
- कनिष्ठ महाविद्यालय कक्षा 11 और 12

### कनिष्ठ महाविद्यालय वर्ग ११ और १२

कनिष्ठ महाविद्यालयमहाविद्यालय में कनिष्ठ महाविद्यालय (वर्ग 11 और 12) के लिए विज्ञान, कला और वाणिज्य शाखाएँ उपलब्ध हैं। कनिष्ठ महाविद्यालय में व्यावसायिक विषयों में कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल शामिल हैं।

### अनुसंधान केंद्र

अनुसंधान केंद्र और प्रयोगशालाएँ महाविद्यालय के अंतर्गत अनुसंधान केंद्र और परीक्षण लेबोरेटरी भी हैं, जो छात्रों और संशोधकोंको अनुसंधान और परीक्षण की सुविधाएँ प्रदान करती हैं

## * सरस्वती विद्या मंदिर (प्राथमिक विद्यालय) *

एक अनुदानित विद्यालय है जो कक्षा 1 से 4 तक की प्राथमिक शिक्षा प्रदान करता है। इस विद्यालय में पाठ्यपुस्तकों के शिक्षण के अलावा नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सिखाया जाता है। खेल, कला, संगीत, और नृत्य जैसी गतिविधियाँ हमारे शैक्षणिक कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान देती हैं।

## शैक्षिक परिसर की विशेषताएँ

नरसम्मा शैक्षिक परिसर १० एकदा के विशाल क्षेत्र में फैला हुवा है। जिसमे करीबन २७००० वर्ग फिट का शैक्षिक वास्तु उपलब्ध है , जहां वर्तमान में १५०० छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। परिसर में एक व्यापक खेल परिसर है जिसमें क्रिकेट मैदान, सॉफ्टबॉल मैदान और एथलेटिक ट्रैक शामिल हैं। यह खेल सुविधाएँ शाला, महाविद्यालय, और स्थानीय युवाओं के लिए खेलकूद की व्यवस्था प्रदान करती हैं।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशाते हुए, GAIL इंडिया लिमिटेड ने हमारी संस्था में 80KW का रूफ टॉप सोलर प्लांट और ३० सोलर स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त, हम एक प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाए रखने और कागज के पुनरूपयोग की दिशा में भी सक्रिय रूप से प्रयास कर रहे हैं। इन सभी पहलुओं के माध्यम से, नरसम्मा शैक्षिक परिसर न केवल एक उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान करता है, बल्कि एक टिकाऊ और हरित भविष्य के लिए भी प्रतिबद्ध है।





गेल
GAIL

**GAIL (India) LTD**
**80 किलो वैट सोलर सिस्टिम के दाता**

# संस्था के सामाजिक कार्य

## बाल संस्कार शिविर

ट्रस्ट द्वारा हर साल बाल संस्कार शिविर आयोजित किया जाता है जिसका उद्देश्य परिसर के बच्चों को संस्कार करना और उनके नैतिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करना है।

## चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी उत्सव

चैत्र नवरात्र तथा रामनवमी का आयोजन संस्था द्वारा संचालित राम पंचायत मंदिर के माध्यम से किया जाता है। नवरात्र महोत्सव में परिसर के नागरिकों और विद्यार्थियों को शामिल किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें सभी को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा मिलती है।

## संस्था वर्धापन दिवस

संस्थाद्वारा हरसाल २६ सितंबर को वर्धापन दिन मनाया जाता है. वर्धापन दिन का औचित्य साधते हुए अलग अलग सामाजिक जागृती के कार्यक्रम किये जाते है.

## पत्रकार संवाद

न्यास द्वारा पत्रकार संवाद का कार्यक्रम किया जाता है. जिसमे न्यास की गतिविधियो, समाज मे शिक्षण संस्था की भूमिका, वर्तमान विद्यार्थी स्थिती तथा उनकी अपेक्षा, स्किल शिक्षण का महत्व, नई शिक्षा नीती और नही शिक्षानीती मे समाज तथा पत्रकार जगत का योगदान ऐसे विषय पर विचार किया जाता है.

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला

नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें शहर और जिले के शैक्षिक संस्थाओं के सभी संचालक सहभागी हुए। कार्यशाला में नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें नीति के संभावित बदलाव और उनके प्रभाव को समझाया गया।

## व्यावसायिक संगठनों की कार्यशाला

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शहर के व्यावसायिक संगठनों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न संगठनों की भूमिका, दायित्व और सहभागिता पर चर्चा की गई। विशेष रूप से, विद्यार्थियों को अनुभव प्रदान करने, इंटर्नशिप अवसर देने, और उनकी व्यावसायिक तैयारी में सहयोग करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## महानुभावों के पदस्पर्श

पूर्व सरसंघचालक प.पू. स्व. राजू भैय्या, वर्तमान संघचालक प.पू. मोहनजी भागवत, प.पू. जितेंद्रनाथ महाराज, प.पू. शंकराचार्य (केदारनाथ), माननीय नरेंद्रजी ठाकूर, धनंजय शास्त्री जोशी.

## अल्पावधि के स्किल बेरड सर्टिफिकेट कोर्सेज

संस्थांने अपने महाविद्यालय के माध्यम से अल्पावधी स्किल वेस्ट कोर्सेस सुरू किये है जिसका उद्देश रोजगाराभिमुख युवक तयार करना, करिअर विकास और व्यावसायिकता को बढावा देना है. तीस कोर्सेस मे उद्यमिता विकास पर जोर दिया जाता है।

# प्रगतिरत परियोजनाएं

## स्व. गजाननराव रहाटगावकर स्मृती सभागृह

न्यास के प्रथम फाउंडर विश्वास स्वर्गवासी गजाननराव रहाटगावकर इनके स्मृति में परिसर में ५०० कुर्सी की क्षमता वाला वातानुकूलित तथा सोलर एनर्जी से संचालित सभागृह बनाया जा रहा है जिसका कार्य मार्च-२५ तक पूरा हो जाने की संभावना है। यहां सभागृह न्यास द्वारा संचालित सभी संस्थाओं शैक्षणिक कार्य में सहायक होगा।

इस सभागृह में नीचे दिए हुए प्रकल्प भी संचालित होंगे-

- भारतीय ज्ञान अभ्यासिका (IKS)
- लोक वाचनालय
- स्पर्धा परीक्षा अभ्यासिका
- कला कक्ष







# प्रस्तावित प्रकल्प

## मातृभाषा में शिक्षण प्रदान करने वाला CBSE विद्यालय

न्यास द्वारा अखिल भारतीय विद्या भारती संस्थान (विदर्भ) के मार्गदर्शन में मराठी मध्य विद्यालय शुरू करने का मनोदय रखा है। इसके लिए महाराष्ट्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत किया गया है, और सरकार के अनुमति की हम प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस विद्यालय के लिए संस्था ने तीन एकड़ की जमीन आवंटित की है तथा प्रस्तावित महाविद्यालय का आर्किटेक्चर प्लान तथा 5 वर्ष का आर्थिक विकास प्लान तैयार कर रखा है। सरकार से अनुमति मिलते ही इस प्रकल्प पर तुरंत कार्य करना शुरू किया जाएगा। यहां विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आयाम को समर्पित रहेगा और संपूर्णतः विद्या भारती द्वारा अधूरेखित शैक्षिक संकल्पनाओं पर कार्य करेगा। इस विद्यालय में भारतीय शिक्षा दर्शन के साथ प्रगति टेक्नोलॉजी जैसे स्पेस, ए.आई., रोबोटिक, बायोटेक्नोलॉजी जैसे तंत्रज्ञान को भी समाविष्ट किया जाने का विचार तथा योजना संस्था की है। भारतीय शिक्षा दर्शन विकास, संस्कृति बोध, और मूल भारतीय संकल्पनाओं पर आधारित शिक्षा प्रणाली इस विद्यालय की विशेषता होगी। इस विद्यालय को यथावकाश सीबीएसई बोर्ड को सलंग्रिति कया जाएगा।




## खेलकूद व्यवस्थाएँ निर्माण करना

न्यास द्वारा संचालित "नरसम्मा स्पोर्ट्स क्लब" के माध्यम से अलग-अलग खेलकूद व्यवस्थाएं निर्माण करने का प्रयास जारी है जिसमें

- इनडोर स्टेडियम बनाना
- रनिंग ट्रेक तथा एथलीट ग्राउंड बनाना
- सोलर पावर पर चलने वाले स्टेडियम लाइट लगाना

आदि प्रयास सम्मिलित है।



# श्रीमती नरसम्मा हिरैय्या शैक्षिक न्यास

प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः

## आधिकारीक जानकारी

Bank Account : 922020047627001

Bank Name : Axis Bank Ltd.Branch -Dastur Nagar, Amravati
IFSC code - UTIB0004073

Trust Auditor : S.S. Khandekar & Co.Auditors
Address : Opp. Rajapeth Police Station, Badnera Road, Amravati

Address Of Trust : Shree Ram Panchayata Parisar, Kiran Nagar, Amravati

Trust 80 G No. : AAMTS6387CF20211

Pan Card No. : AAMTS6387C

12A certificate : AAMTS6387CE2021401

CSR certificate : CSR00023454, 28-02-2022

## * संपर्क *


कार्यालय : ९५९५०९४४१२

सचिव श्री.राम महाजन : ९४२२९१५९२८

nhstamt@gmail.com

www.nhst.in

नरसम्मा शैक्षिक परिसर, किरण नगर, अमरावती - ४४४६०६


Scan For Google Map Location

प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः



